# 3 (Sem–5/CBCS) HIN RE 1/2/3

## 2024

## HINDI

## ( Regular Elective )

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

Answer from *any* **one** Option

OPTION—A

Paper : HIN–RE–5016

**( लोकसाहित्य )**

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) 'लोकसाहित्य विज्ञान' के रचयिता कौन हैं?

(ख) डॉ० कृष्णदेव उपाध्याय ने अंग्रेजी के 'फोकलोर' शब्द के पर्याय के रूप में हिन्दी के किस शब्द को उचित माना है?

(ग) महर्षि व्यास ने 'महाभारत' की विशेषता का उल्लेख करने के क्रम में 'लोक' शब्द का प्रयोग किस अर्थ में किया है?

(घ) 'गंगा घाटी के गीत' किसकी रचना है?

(ङ) कर्नल टॉड ने हिन्दी की किस उपभाषा में लोकसाहित्य से संबंधित कार्य किया था?

(च) सूर्यकरण पारीक के अनुसार आदिम मानव-हृदय के गानों का नाम क्या है?

(छ) 'ढोला' नामक गीत की तर्ज क्या है?

(ज) किसी एक व्रत-संबंधी गीत का नामोल्लेख कीजिए।

(झ) किसी एक नृत्य-प्रधान लोकनाट्य का नामोल्लेख कीजिए।

(ञ) 'तेरूकुत्तु' किस जनपद का प्रसिद्ध लोकनाट्य है?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) लोकसाहित्य की परिभाषा दीजिए।

(ख) ऋतुगीत का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ग) लोकनाट्य को परिभाषित कीजिए।

(घ) *Some Bhojpuri Folk Songs* नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं और इसका प्रकाशन कब हुआ था?

(ङ) लोकसाहित्य के संग्रहकर्ता द्वारा प्रयुक्त उपादानों में से किन्हीं दो बाह्य-साधनों के नाम बताइए।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) साहित्य और लोक के अंतर्सम्बन्ध पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ख) संस्कारगीत का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ग) व्रतगीत के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(घ) यक्षगान का परिचय दीजिए।





(ङ) लोककथा पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

(च) रामलीला की लोकप्रियता पर प्रकाश डालिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) लोक-संस्कृति की अवधारणा स्पष्ट करते हुए साहित्य के साथ इसके संबंध पर विचार कीजिए।

**अथवा**

लोकसाहित्य के प्रमुख रूपों का परिचय प्रस्तुत कीजिए।

(ख) लोकसाहित्य के अध्ययन की समस्याओं को दर्शाते हुए इसके समाधान पर विचार कीजिए।

**अथवा**

भारत में लोकसाहित्य के अध्ययन के इतिहास पर प्रकाश डालिए।

(ग) लोकगीत को परिभाषित करते हुए इसके रूपों पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

हिन्दी लोकनाट्य की परम्परा पर एक सारगर्भित लेख लिखिए।

(घ) हिन्दी नाटक एवं रंगमंच पर लोकनाट्य के प्रभाव पर विचार कीजिए।

**अथवा**

कथा-रूढ़ियों और अंधविश्वास पर सम्यक् विचार प्रस्तुत कीजिए।

OPTION—B

Paper : HIN–RE–5026

**( हिन्दी की राष्ट्रीय काव्यधारा )**

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) 'यशोधरा' के रचयिता का नाम लिखिए।

(ख) 'युग-चरण' किसकी रचना है?

(ग) बिहार के बेगूसराय जिले के सिमरिया नामक ग्राम में किस कवि का जन्म हुआ था?

(घ) 'राष्ट्रवाणी' के संपादक कौन हैं?

(ङ) कौन अवकाश को बुरा कहते थे?

(च) "वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।" यह पंक्ति किस कविता में बार-बार आयी है?

(छ) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

"गिनो न मेरी ______,<br>
छुए क्यों मुझे विपुल सम्मान?"

(ज) "भारती की वेणि में गुँथा हुआ कश्मीर," —यह पंक्ति किस कविता से ली गयी है?

(झ) रेशमी कलम से कौन भाग्य लिख रहा है?

(ञ) "खूब लड़ी मर्दानी वह तो" —मर्दानी कौन है?





**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) 'मनुष्यता' शीर्षक कविता का मूल भाव क्या है?

(ख) सुभद्राकुमारी चौहान के काव्य की कोई दो कलापक्षीय विशेषताएँ लिखिए।

(ग) रामधारी सिंह 'दिनकर' की किन्हीं दो काव्य-कृतियों का नामोल्लेख कीजिए।

(घ) 'अवकाशवाली सभ्यता' शीर्षक कविता में मनुष्यता किससे हारेगी?

(ङ) "आ, स्वतंत्र प्यारे स्वदेश आ<br>
स्वागत करती हूँ तेरा।"<br>
उक्त पंक्तियों का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) 'भारत की श्रेष्ठता' शीर्षक कविता का मूल भाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'सिपाहिनी' कविता के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

(ग) "हुँकारों से महलों की नींव उखड़ जाती,<br>
साँसों के बल से ताज हवा में उड़ता है,"<br>
प्रस्तुत काव्य-पंक्तियों में निहित भाव को स्पष्ट कीजिए।

(घ) माखनलाल चतुर्वेदी की कविताओं की किन्हीं तीन विशेषताओं का सोदाहरण उल्लेख कीजिए।

(ङ) 'स्वदेश के प्रति' शीर्षक कविता का संदेश क्या है?

(च) मैथिलीशरण गुप्त का साहित्यिक परिचय दीजिए।

**4.** निम्नलिखित अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

"'मनुष्य मात्र बन्धु है' यही बड़ा विवेक है,
पुराणपुरुष स्वयंभू पिता प्रसिद्ध एक है।
फलानुसार कर्म के अवश्य बाह्य भेद हैं,
परन्तु अंतरैक्य में प्रमाणभूत वेद हैं।"

**अथवा**

"कह दे अतीत अब मौन त्याग;
लंके, तुझमें क्यों लगी आग?
ऐ कुरुक्षेत्र! अब जाग, जाग,
बतला अपने अनुभव अनन्त,"

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) "मैथिलीशरण गुप्त राष्ट्रीय कवि हैं।" पठित कविताओं के आधार पर सोदाहरण प्रमाणित कीजिए।

**अथवा**

'आ गए ऋतुराज' शीर्षक कविता में निहित राष्ट्रीय-भावना पर प्रकाश डालिए।





(ख) हिन्दी साहित्य की राष्ट्रीय काव्यधारा को रामधारी सिंह 'दिनकर' की देन पर एक लेख लिखिए।

**अथवा**

"सुभद्राकुमारी चौहान की कविताओं का मूल-स्वर देशभक्ति और राष्ट्रीय-चेतना है।" पठित कविताओं के आधार पर विवेचन कीजिए।

(ग) 'हमारी सभ्यता' **अथवा** 'भारत का यह रेशमी नगर' कविता की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

OPTION—C

Paper : HIN–RE–5036

**( पूर्वोत्तर भारत में हिन्दी )**

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) हिन्दी-प्रेमी भुवन चन्द्र गगै द्वारा स्थापित 'असम पॉलिटेक्निक इंस्टिट्यूशन' को किस विश्वविद्यालय की सम्बद्धता प्राप्त हुई थी?

(ख) असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, गुवाहाटी के प्रतिष्ठाता अध्यक्ष कौन थे?

(ग) असम राज्य राष्ट्रभाषा प्रचार समिति का मुख्य कार्यालय किस शहर में स्थित है?

(घ) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

"राष्ट्रभाषा _____ राष्ट्र गूँगा है।"

(ङ) अपने स्थापना-काल में 'असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, गुवाहाटी' का नाम क्या था?

(च) 'सेंटीनल' नामक हिन्दी अख़बार का प्रकाशन असम के किस शहर से होता है?

(छ) 'राह और रोड़े' नामक उपन्यास के रचयिता छगनलाल जैन का निधन किस ईस्वी में हुआ था?

(ज) 'राह और रोड़े' उपन्यास का रचना-काल क्या है?

(झ) "देख क्या रहे हैं!" यह कथन किसका है?

(ञ) जुही की कली पहली बार कहाँ खिली थी?





2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, गुवाहाटी द्वारा संचालित होने वाली किन्हीं चार परीक्षाओं के नाम बताइए।

(ख) मेघालय राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, शिलांग की किन्हीं दो प्रमुख गतिविधियों का उल्लेख कीजिए।

(ग) भाषायी प्रयोग की दृष्टि से 'दैनिक पूर्वोदय' अख़बार की किन्हीं दो विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

(घ) राधा देवी की कोई दो चारित्रिक विशेषताएँ बताइए।

(ङ) "मुझे आप नहीं जानतीं? मैं भी थर्ड इयर में पढ़ता हूँ।" किसने किससे ऐसा कहा था?

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) द्विभाषी पत्रिका 'राष्ट्रसेवक' की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ख) 'नागालैंड में हिन्दी की स्थिति' विषय पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ग) असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, गुवाहाटी के संचालक कमल नारायण देव की हिन्दी-सेवा के बारे में चर्चा कीजिए।

(घ) सत्सुओ अंगामी की चारित्रिक विशेषताओं का खुलासा कीजिए।

(ङ) "मानवों में आज मैंने पशु के भी दर्शन किए और देवता के भी।" यह कथन किसका है? प्रस्तुत कथन का संदर्भ एवं आशय बताइए।

(च) 'भिण्डी के फूल' शीर्षक रचना के माध्यम से लेखक ने क्या कहना चाहा है?

**4.** निम्नलिखित अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

"धन तो तकदीर से ही होता है। उसे कोई बुरा नहीं कह सकता। हाँ, उसके असत् व्यवहार से या उसमें अनुचित आसक्ति से जीवन में अशान्ति आ जाती है। इसके विपरीत यदि धनवान लोग एक विशुद्ध गाँधीवादी की तरह अपने को गरीबों का 'ट्रस्टी' मानकर धन का सदुपयोग करें, तो उन्हें सुख ही सुख मिल सकता है।"

**अथवा**

"समय की चकरी कभी रुकती नहीं। दिन आते हैं; चले जाते हैं; महीने बनते हैं, बिगड़ जाते हैं; वर्ष भी एक-एक करके आँखें मूँद लेते हैं। जीवन अपने पथ पर निरन्तर आगे बढ़ रहा है। हाँ उसकी राह में भी रोड़े आते हैं; क्योंकि देश में अंग्रेजी-भक्तों की आज भी कमी नहीं है।"

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, गुवाहाटी की समसामयिक गतिविधियों पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

अरुणाचल प्रदेश में हिन्दी के प्रचार-प्रसार की सामान्य जानकारी प्रस्तुत कीजिए।





(ख) पूर्वोत्तर में हिन्दी को बढ़ावा देने के संदर्भ में केन्द्रीय हिन्दी संस्थान—आगरा की गुवाहाटी, शिलांग और दीमापुर शाखाओं की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

मणिपुर हिन्दी प्रचार सभा, इम्फ़ाल की कार्यावली पर सविस्तार प्रकाश डालिए।

(ग) जीवनचन्द्र हाजरिका और रामनाथ भराली की चारित्रिक विशेषताओं की तुलना प्रस्तुत कीजिए।

**अथवा**

'राह और रोड़े' उपन्यास के कथानक का खुलासा कीजिए।

★★★